पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राजभवन में आयोजित दो दिवसीय ''कबाड़ से जुगाड़'' कार्यशाला सम्पन्न

राज्यपाल के साथ 15 देशों के राजदूतों ने कार्यशाला में बने उत्पादों की प्रशंसा की

लखनऊ: 18 अक्टूबर, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के सहयोग से दो दिवसीय ''कबाड़ से जुगाड़'' कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें ए0के0टी0यू0, भातखण्डे विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, मुइनुद्दीन चिस्ती भाषा विश्वविद्यालय, आई0टी0 कालेज तथा राजभवन में आवासित महिलाओं एवं बच्चों ने बेस्ट मैटेरियरल का सदुपयोग कैसे करें, के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं व बच्चों ने पुराने रद्दी कागज से बनी टोकरी तथा अन्य कलात्मक बर्तन बनाना, कपड़ों पर पैंटिंग का कार्य जैसे प्रशिक्षण प्राप्त किये। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ0 संगीता शुक्ला ने **''कबाड़ से जुगाड़''** के विभिन्न उपयोगों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के साथ 15 देशों के राजदूतों तथा विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने कार्यशाला में तैयार किए गए उत्पादों का अवलोकन कर उनकी प्रशंसा की। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में 100 से अधिक प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी / सहायक निदेशक
सम्पर्क सूत्र 9453005360
चन्द्र विजय वर्मा, सूचना अधिकारी / राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361